# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 15 मई 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



14 डीआईजी ने कंडरका चौकी का किया औचक निरीक्षण ...





13 पेट्रोल-डीजल आपूर्ति व्यवस्था को लेकर ...




## खबर संक्षेप

### इशिका को केंद्रीय बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत अंक

**नवागढ़।** मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के दम पर नवागढ़ की बेटी इशिका सोनी ने केंद्रीय बोर्ड परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर नगर का गौरव बढ़ाया है। वाणिज्य संकाय में 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर लक्ष्य हासिल किया। नगर निवासी शारदा विजय सोनी की पुत्री इशिका एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल की छात्रा हैं। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही परिवार और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। दादा छन्नू सोनी सहित परिजनों ने मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की और इशिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इशिका की इस उपलब्धि पर नगरवासियों ने भी बधाई देते हुए कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में सफलता का नया इतिहास रच रही हैं। विद्यालय परिवार ने छात्रा की मेहनत, अनुशासन और समर्पण की सराहना करते हुए इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया।



### त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के लिए प्रेक्षक नियुक्त

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 के अंतर्गत जिले के लिए अरविन्द कुमार पाण्डेय को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। पाण्डेय वर्तमान में रायपुर विकास प्राधिकरण, रायपुर में अपर मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रेक्षक महोदय के सहयोग, समन्वय एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए आशीष कुमार गोलछा, अनुविभागीय अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, बेरला को लायजनिंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। लायजनिंग ऑफिसर के रूप में गोलछा निर्वाचन संबंधी गतिविधियों के दौरान प्रेक्षक को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने, भ्रमण कार्यक्रम के समन्वय, अधिकारियों से संपर्क स्थापित करने तथा प्रशासनिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी निभाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। निर्वाचन प्रक्रिया के सफल संचालन हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपते हुए व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### अफीम तस्कर को पुलिस ने झारखंड से पकड़ा

**भिलाई।** अफीम की तस्करी करने वाले दो युवकों को पुलिस झारखंड के गुमला से पकड़कर लाई है। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम लांजी चौकी थाना गुमला जिला गुमला झारखंड निवासी राजकेश्वर साहू, सुरेंद्र साहू उर्फ सुंदर साहू को पकड़ा गया।

# वट सावित्री व्रत कल, पति की दीर्घायु के लिए महिलाएं रखेंगी निर्जला व्रत, बाजारों में बढ़ी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिले में व्रत-त्योहारों की श्रृंखला के बीच 16 मई को वट सावित्री व्रत श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु, सुख-समृद्धि और परिवार की कुशलता की कामना करते हुए व्रत रखेंगी तथा वट वृक्ष की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करेंगी।

पर्व को लेकर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में तैयारियां शुरू हो गई हैं और बाजारों में पूजा सामग्रियों की दुकानें सज गई हैं। पर्व के मद्देनजर शहर के विभिन्न स्थानों पर पूजा सामग्री, रक्षासूत्र, मिट्टी के दीये, फल-फूल एवं अन्य पूजन सामग्री की दुकानें सज चुकी हैं। महिलाओं द्वारा खरीदारी भी शुरू कर दी गई है। बाजारों में सुबह से ही चहल-पहल देखी जा रही है। दुकानदारों के अनुसार इस बार पूजा सामग्री, श्रृंगार सामग्री और फल-फूल की बिक्री में अच्छी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों से भी महिलाएं बाजार पहुंचकर खरीदी कर रही हैं। पंडितों के अनुसार ज्येष्ठ अमावस्या तिथि 16 मई को सुबह 5:11 बजे प्रारंभ होगी, जो 17 मई तक रहेगी। इस दिन महिलाएं सुबह स्नान कर नए वस्त्र धारण करेंगी और व्रत का संकल्प लेंगी। इसके बाद वट वृक्ष के नीचे एकत्र होकर पूजा-अर्चना करेंगी, व्रत कथा का श्रवण करेंगी तथा वृक्ष की परिक्रमा कर रक्षा सूत्र बांधेंगी। पूजा में मौसमी फल, भीगा चना, पूड़ी-पकवान, जल एवं अन्य सामग्री अर्पित की जाएगी। कई महिलाएं निर्जला व्रत रखकर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करेंगी।

## पूजन सामग्री की खरीदारी तेज

### शनिदेव जन्मोत्सव भी कल

वट सावित्री व्रत के साथ ही 16 मई को भगवान शनिदेव का जन्मोत्सव भी श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर शहर के रानीसागर तट स्थित श्री शनिधाम परिवार द्वारा दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। 15 मई को शाम 7:15 बजे दीपोत्सव एवं आतिशबाजी तथा 16 मई को शाम 7 बजे भव्य आरती एवं प्रसादी वितरण का आयोजन होगा। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।



### सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष महत्व

धार्मिक मान्यता के अनुसार माता सावित्री ने अपने तप, व्रत और दृढ़ संकल्प से यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए थे। तभी से यह व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। मान्यता है कि विधि-विधान से वट सावित्री व्रत करने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है।

### वट वृक्ष की करेंगी पूजा और परिक्रमा

सौभाग्यवती महिलाएं इस दिन पति के दीर्घायु एवं परिवार में कुशल मंगल की कामनाएं लिए कठिन व्रत रखेंगी। वट वृक्ष के नीचे एकत्र होकर महिलाएं विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर वट वृक्ष की परिक्रमा कर रक्षासूत्र बांधेगी। साथ ही व्रत की कथा को श्रवण व वाचन करेंगी। इस मौके पर पूजा सामग्रियों सहित मौसमी फल व मौसम संबंधी अन्य सामग्रियां वट वृक्ष को अर्पित करेंगी। दिनभर श्रद्धा-भक्ति का वातावरण निर्मित रहेगा।

## समस्या : कई पेट्रोल पंपों पर डीजल खत्म, पेट्रोल सीमित मात्रा में

# पंपों पर उमड़ी भारी भीड़, ईंधन संकट की आशंका से लोगों ने टंकियां फुल कराने के लिए लगाई लंबी कतारें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिले में पेट्रोल और डीजल की संभावित किल्लत की आशंका ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। शहर सहित आसपास के क्षेत्रों के पेट्रोल पंपों पर गुरुवार को अचानक भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से लेकर देर रात तक पेट्रोल पंपों में वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। दोपहिया और चार पहिया वाहनों की लाइनें मुख्य सड़कों तक पहुंच गईं।

जानकारी के अनुसार, भविष्य में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका को लेकर लोगों में अफरा-तफरी जैसी स्थिति बन गई है। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा तेजी से फैल रही है कि आने वाले दिनों में परिवहन सेवाओं में बाधा या तेल कंपनियों की ओर से आपूर्ति कम होने के कारण ईंधन संकट गहरा सकता है। इसी आशंका के चलते बड़ी संख्या में लोग अपने वाहनों की टंकियां फुल कराने के लिए पेट्रोल पंपों की ओर पहुंच रहे हैं। हालांकि प्रशासन और तेल कंपनियों की ओर से आधिकारिक तौर पर किसी प्रकार की कमी या आपूर्ति बाधित होने की पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन लोगों में भय और अनिश्चितता का माहौल साफ दिखाई दे रहा है। एहतियात के तौर पर नागरिक अतिरिक्त ईंधन संग्रह करने में जुटे हुए हैं।



### कई पंपों पर डीजल पूरी तरह खत्म

स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जिले के कई पेट्रोल पंपों पर डीजल पूरी तरह समाप्त हो चुका है, जबकि कई स्थानों पर पेट्रोल और डीजल सीमित मात्रा में ही दिया जा रहा है। कुछ पेट्रोल पंपों में "नो स्टॉक" के बोर्ड लगाए गए हैं, जिससे वाहन चालकों की परेशानी और बढ़ गई है। ईंधन नहीं मिलने के कारण लोग एक पंप से दूसरे पंप तक भटकते नजर आए। कई वाहन चालकों को घंटों लाइन में लगने के बाद भी पर्याप्त ईंधन नहीं मिल पाया। वहीं कुछ स्थानों पर कर्मचारियों को भीड़ नियंत्रित करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

### सामान्य से तीन गुना बढ़ी मांग

पेट्रोल पंप संचालकों के मुताबिक पिछले 24 घंटों में ईंधन की मांग सामान्य दिनों की तुलना में लगभग तीन गुना तक बढ़ गई है। कर्मचारियों ने बताया कि बड़ी संख्या में लोग न केवल वाहनों में पेट्रोल-डीजल भरवा रहे हैं, बल्कि बोतलों और डिब्बों में भी ईंधन संग्रह करने का प्रयास कर रहे हैं। पंप संचालकों का कहना है कि अचानक बढ़ी मांग के कारण स्टॉक तेजी से खत्म हो रहा है। यदि उपभोक्ताओं में इसी तरह घबराहट बनी रही तो वास्तविक संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

### कर्मचारियों और स्कूली बच्चों पर सबसे ज्यादा असर

पेट्रोल-डीजल की कमी का सबसे अधिक असर रोजाना आने-जाने वाले कर्मचारियों, व्यापारियों पर पड़ता दिखाई दे रहा है। लोगों को आशंका है कि यदि स्थिति जल्द सामान्य नहीं हुई तो दैनिक कार्य प्रभावित हो सकते हैं। ऑफिस जाने वाले कर्मचारियों का कहना है कि सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था पहले से ही सीमित है, ऐसे में निजी वाहनों के लिए ईंधन नहीं मिलने से बड़ी समस्या खड़ी हो सकती है। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से अनावश्यक रूप से ईंधन संग्रह नहीं करने और संयम बनाए रखने की अपील की है। इसके बावजूद शहर में पेट्रोल-डीजल को लेकर असमंजस और चिंता का माहौल बना हुआ है। आने वाले दिनों में आपूर्ति व्यवस्था किस तरह सामान्य होती है, इस पर पूरे जिले की नजर टिकी हुई है।

# मवेशी तस्करी करते आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| साजा

साजा पुलिस ने मवेशी तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 4 नग गौवंश (भैंसी व पड़वा) से भरी एक पिकअप वाहन को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त वाहन और मवेशियों की कुल कीमत करीब 10 लाख 60 हजार रुपये आंकी गई है।

मामले में प्रार्थी केशव चौहान (42 वर्ष), निवासी देवरबीजा, थाना व जिला बेमेतरा सहित अन्य गौसेवकों ने थाना साजा में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि 12 और 13 मई की दरमियानी रात गौ तस्करी की सूचना मिलने पर वे अन्य गौसेवकों के साथ साजा-कोदवा रोड स्थित मंदिर के पास पहुंचे और घेराबंदी की। इस दौरान पिकअप क्रमांक सीजी 10 बीजेड 0763 में चालक गंगाराम केवट द्वारा मवेशियों को ठूंस-ठूंसकर ले जाया जा रहा था।

रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की।

मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, जिस पर पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव तथा एसडीओपी भूषण एक्का और विनय कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रोशन लाल टोन्डे ने टीम के साथ कार्रवाई की।



आरोपी गंगाराम केवट (36 वर्ष), निवासी कछार थाना मस्तुरी जिला बिलासपुर को गिरफ्तार कर 13 मई 2026 को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रोशन लाल टोन्डे, एसआई बनवारी राम सोनकर, प्रधान आरक्षक विजेंद्र सिंह, फागेश्वर देशमुख, आरक्षक अर्जुन ध्रुव, मोतीलाल जायसवाल सहित थाना स्टाफ और गौसेवकों की भूमिका रही।

# चिरायु योजना से बालक को मिला नया जीवन

## जटिल हृदय रोग व एनोरेक्टल मालफार्मेशन का हुआ निःशुल्क सफल उपचार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) के तहत एक बालक को नया जीवन मिला है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ अंतर्गत ग्राम कवराकांपा निवासी वरुण जांगड़े (जन्म 15 मई 2021) को चिरायु टीम ने स्क्रीनिंग के दौरान चिन्हांकित किया था। जांच में बालक जटिल जन्मजात हृदय रोग एवं एनोरेक्टल मालफार्मेशन से पीड़ित पाया गया।

चिरायु टीम प्रभारी डॉ. दीप्ति पटेल एवं डॉ. ए.के. मधुकर के प्रयासों से बालक का डीकेएस अस्पताल रायपुर में कई चरणों में निःशुल्क कोलोस्टोमी ऑपरेशन कराया गया। वहीं जटिल हृदय रोग के उपचार हेतु उसे केयर हॉस्पिटल हैदराबाद रेफर किया गया, जहां मार्च 2023 और मई 2026 में दो चरणों में सफल हार्ट सर्जरी की गई। वर्तमान में वरुण पूरी तरह स्वस्थ है।

बालक के पिता प्रमोद कुमार ने शासन की चिरायु योजना के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह योजना उनके परिवार के लिए वरदान साबित हुई है। खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल राज एवं पूर्व खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एम.एम. रजा के मार्गदर्शन में चिरायु टीम के डॉ. दीप्ति पटेल, डॉ. ए.के. मधुकर, टंकोर सप्रे एवं तारेश्वरी ने लगातार संपर्क में रहकर उपचार प्रक्रिया पूरी कराई। राज्य नोडल एजेंसी से लगभग सात लाख रुपये की सहायता उपलब्ध कराकर बालक का निःशुल्क सफल इलाज कराया गया।

## एक्सपायरी गाड़ियों से परिवहन

# निजी और सरकारी जमीनों के पेड़ों का अस्तित्व खतरे में, कट रहे हरे भरे पेड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

आसमान से बरसती आग ने जनजीवन बेहाल कर दिया है, वहीं दूसरी ओर बेमेतरा ,साजा क्षेत्र में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई ने पर्यावरण के साथ बेजुबान मवेशियों के लिए संकट खड़ा कर दिया है। तपती धूप में छांव की तलाश करने वाले मवेशियों से कुदरती छत छिनती जा रही है। क्षेत्र में पेड़ों की कटाई के लिए बाकायदा तस्करों टीम काम कर रही है।

लकड़ी ठेकेदार गांवों में घूम-घूमकर हरे-भरे पेड़ों की कीमत लगाते हैं और आधुनिक मशीनों से मिनटों में पेड़ों को जमींदोज कर देते हैं। हद तो तब हो जाती है। जब राजस्व और पीडब्ल्यूडी सहित वन विभाग की जमीनों पर लगे पेड़ों को भी बिना अनुमति के काट दिया जाता है। शिकायत के अभाव में संबंधित विभाग मौन साधे हुए हैं, जिसका सीधा फायदा सिंडिकेट उठा रहा है और बेधड़क सड़कों से बड़ी चार पहिया वाहनों से बेखौफ ढुलाई कर रहे हैं जिसमें सर्वाधिक अवैध तौर पर लकड़ियों की तस्करी साजा क्षेत्र के ग्राम बीजा गोड ,पिपरिया, बिरनपुर,सोमई ,चिल्फी सहित अनेक गांवों में अवैध कटाई धड़ल्ले से चल रही है इस तरह बताया जाता है कि अब तक इन स्थानों से हजारों गाड़ी निकल चुकी है,और इन सबका सेन्टर पाईट ग्राम बीजागोड और बिरनपुर है। इस अवैध कारोबार में परिवहन के लिए ऐसी गाड़ियों का इस्तेमाल हो रहा है जो पूरी तरह एक्सपायरी हो चुकी हैं। परिवहन विभाग की अनुपस्थिति के कारण इन कबाड़ गाड़ियों की फिटनेस जांच नहीं होती, जिससे सड़कों पर हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। शासन के नियमों को ताक पर रखकर यह वाहन बेधड़क पेड़ों की दुलाई में लगे हैं।



### प्रतिबंधित लकड़ियों की आड़ में बड़ा खेल

सूत्रों के अनुसार पेड़ों की बलि चढ़ाने के खेल में बबूल के वृक्ष सबसे ज्यादा निशाने पर रहते हैं। बबूल पर प्रतिबंध की शिथिलता का लाभ उठाकर ठेकेदार इन्हें खरीदते हैं और इंट भट्ठों व टिंबर मार्ट में बेच देते हैं, लेकिन असली खेल बबूल की आड़ में होता है। टिंबर मार्ट जाने वाली गाड़ियों में करंज, नीम, कउहां, सागौन, आम, आदि लकड़यां भर दी जाती हैं और ऊपर बबूल के तने लाद दिए जाते हैं। चेकिंग की पुख्ता व्यवस्था न होने के कारण यह गाड़ियां रायपुर और कुम्हारी तक बेखौफ पहुंच रही हैं। सड़कों के किनारे लगे पेड़ों की बलि चढ़ने से न केवल पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है। बल्कि भविष्य में क्षेत्र रेगिस्तान बनने की दिशा में बढ़ रहा है।

## जन समस्या निवारण शिविर में कई मामलों का मौके पर निराकरण

# विधायक दीपेश ने दिए त्वरित समाधान के निर्देश 177 आवेदन मिले

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

नगर पंचायत भीभौरी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं एवं मांगें लेकर पहुंचे। शिविर में विधायक दीपेश साहू शामिल हुए और आमजन की समस्याएं सुनते हुए अधिकारियों को त्वरित एवं संवेदनशील समाधान के निर्देश दिए।

विधायक साहू ने विभागीय अधिकारियों से प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर पारदर्शी तरीके से समाधान किया जाए, ताकि लोगों को कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें।शिविर में कुल 177 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें राजस्व, राशन कार्ड, पेंशन, आवास, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य एवं सामाजिक योजनाओं से जुड़े मामले प्रमुख रहे। कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों को समयसीमा में कार्रवाई हेतु संबंधित विभागों को भेजा गया। अधिकारियों ने हितग्राहियों को आश्वस्त किया कि सभी आवेदनों पर गंभीरता से कार्यवाही की जाएगी।



कार्यक्रम के दौरान विधायक साहू ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने शिक्षा विभाग के स्टॉल में स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत साइंस मॉडलों का अवलोकन कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उनकी प्रतिभा की सराहना की। शिविर में स्कूली शिक्षा, लोक निर्माण विभाग, पुलिस विभाग, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, वन विभाग, पशुधन विकास, श्रम विभाग, समाज कल्याण, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, लीड बैंक, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री सड़क योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉलों के माध्यम से नागरिकों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी, नगर पंचायत भीभौरी अध्यक्ष संदीप परगनिया, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।




अनदेखी: वन क्षेत्र तक रेत माफियाओं का जाल, शिकायतों के बाद कार्यवाही शून्य

# पंडरिया-बोड़ला ब्लाक के नदी नालों में धड़ल्ले से चल रहा अवैध रेत उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के पंडरिया और बोड़ला विकासखण्ड में इन दिनों अवैध रेत खनन का कारोबार खुलेआम फलफूल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना और ग्रामीण निर्माण कार्यों के चलते बढ़ी रेत की मांग का फायदा उठाकर रेत माफिया स्थानीय नदी-नालों से बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन कर रहे हैं। हालत यह है कि वनपरिक्षेत्र और राजस्व क्षेत्र की नदियों तक में जेसीबी और ट्रैक्टर ट्रालियों के जरिए दिनभर रेत निकाली जा रही है, लेकिन जिम्मेदार विभाग कार्रवाई के नाम पर पूरी तरह निष्क्रिय नजर आ रहे हैं। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम रेंगाखार जंगल और अंधरी कछार की नदियों से प्रतिदिन बड़ी मात्रा में रेत निकाली जा रही है। यहां से ट्रैक्टर ट्रालियों के माध्यम से आसपास के गांवों और बाजारों तक रेत की सप्लाई की जा रही है। इसके अलावा बोड़ला क्षेत्र के अन्य कई नदी-नालों में भी अवैध खनन लगातार जारी है। इसी तरह पंडरिया विकासखण्ड के वनांचल क्षेत्रों में भी रेत माफियाओं की सक्रियता बढ़ गई है। ग्राम उपका की हाफ नदी, भैंदादादर, कुई, कुकदुर, पोलमी, पुटपुटा, कामठी की आगर नदी, कन्हैया नदी, बांगर, अमनिया और नेउर सहित कई गांवों के नदी-नालों से खुलेआम रेत निकाली जा रही है। बताया जा रहा है कि अधिकांश स्थान वनपरिक्षेत्र के अंतर्गत आते हैं, इसके बावजूद वन विभाग और खनिज विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### पर्यावरणीय संतुलन पर मंडरा रहा है खतरा



लगातार हो रहे अवैध उत्खनन से स्थानीय नदी-नालों का प्राकृतिक स्वरूप बिगड़ने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि दिनभर नदी किनारों पर जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर ट्रालियां खड़ी रहती हैं। मशीनों से रेत निकालकर वाहनों में भरकर आसपास के क्षेत्रों में भेजा जाता है। इससे नदी की गहराई बढ़ रही है और पर्यावरणीय संतुलन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि अवैध रेत परिवहन करने वाले वाहन वन विभाग के बैरियरों से बेखौफ होकर गुजरते हैं, लेकिन उन्हें रोकने या जांचने की जहमत तक नहीं उठाई जाती। वहीं खनिज विभाग की टीम क्षेत्र में शायद ही कभी नजर आती है।

# पेट्रोल-डीजल आपूर्ति व्यवस्था को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक



**बेमेतरा।** जिले में पेट्रोल एवं डीजल की सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा वितरण व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को जिला संयुक्त कार्यालय के दिशा सभाकक्ष में पेट्रोल पंप संचालकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने की। बैठक में जिले की ईंधन आपूर्ति व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिले में पेट्रोल एवं डीजल की वर्तमान उपलब्धता, आवक, बिक्री तथा वितरण व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने पेट्रोल पंप संचालकों से ईंधन की मांग, आपूर्ति श्रृंखला की स्थिति, स्टॉक उपलब्धता एवं उपभोक्ताओं को दी जा रही सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि जिले के नागरिकों को पेट्रोल एवं डीजल की सहज, सुगम एवं निर्बाध आपूर्ति उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने पेट्रोल पंप संचालकों के साथ सकारात्मक संवाद करते हुए उनके सुझावों और क्षेत्रीय अनुभवों को भी गंभीरता से सुना। उन्होंने कहा कि सभी संचालक उपभोक्ताओं को समय पर ईंधन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता, कालाबाजारी अथवा कृत्रिम कमी की स्थिति उत्पन्न न होने दें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जाए और किसी भी शिकायत पर तत्काल कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बोतल, डिब्बों या अन्य असुरक्षित माध्यमों में पेट्रोल एवं डीजल का वितरण नहीं किया जाए। उन्होंने कहा कि ईंधन अत्यंत ज्वलनशील पदार्थ है, इसलिए सुरक्षा नियमों की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी। पंप संचालकों को अग्नि सुरक्षा उपकरणों की नियमित जांच, सुरक्षा प्रोटोकॉल के पालन तथा कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण देने के निर्देश भी दिए गए।

जिला प्रशासन की ओर से जिलेवासियों से अपील की गई कि वे पेट्रोल एवं डीजल की अनावश्यक जमाखोरी से बचें तथा आवश्यकता के अनुरूप ही इन उत्पादों का उपयोग करें। प्रशासन ने कहा कि जिम्मेदारीपूर्ण उपभोग से सभी उपभोक्ताओं को पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध कराया जा सकेगा और आपूर्ति व्यवस्था पर अनावश्यक दबाव नहीं पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### लायंस क्लब के सेवाकार्यों की सराहना

**कवर्धा।** कोरबा में 9-10 मई को संपन्न लायंस इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233-सी की कॉन्फ्रेंस में नगर के लायंस क्लब को आदिवासी इलाकों में सेवाकार्यों के लिए व्यापक सराहना मिली है। पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन सुधीर जैन व वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन पवन मलिक ने कहा कि कवर्धा के लायंस क्लब ने जरूरतमंद आदिवासियों को कंबल व टिफिन बॉक्स बांटकर डिस्ट्रिक्ट के सेवाकार्यों में एक विशिष्ट स्थान प्राप्त किया है।

### जिले में रोजगार मेला का आयोजन 20 को

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो, निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है, उन्हें अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कबीरधाम में 20 मई 2026 बुधवार को प्रातः 10.30 बजे से 03 बजे तक रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें रूपेश कम्प्यूटर एंड सीसीटीवी, पुराना बस स्टैण्ड के पास, कवर्धा द्वारा पद सेल्स आफिसर के 10 पद, स्टॉर आदर्श होम हेल्थ केयर सर्विस सोसायटी, राधा विहार कॉलोनी, संतोषी नगर, रायपुर द्वारा पद केयर टेकर के 100 पदों एवं शिवालीक इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड, इंजीनियरिंग पार्क, हैवी इंडस्ट्रीज एरिया, हथखोज, भिलाई, जिला दुर्ग द्वारा पद आईटीआई ट्रेनी के 50 पद पर भर्ती किया जाना है। यह रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क है। यह नियुक्ति केवल निजी क्षेत्र के संस्थाओं में कार्य हेतु किया जाता है। चयन संबंधी कार्यवाही नियोजक द्वारा ही किया जाना है, अतः पद, संस्था, कार्य, वेतन व अन्य विस्तृत जानकारी कैम्प में उपस्थित नियोजक या प्रतिनिधि से संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

### पात्र विद्यार्थियों को मिलेगा छात्रवृत्ति

**कवर्धा।** केन्द्र प्रवर्तित अनुसूचित जाति एवं अन्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए संचालित प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत कम्पोनेंट्स ।। के तहत कक्षा पहली से दसवीं तक अध्ययनरत विद्यार्थियों को देय अस्वच्छ व्यवसाय छात्रवृत्ति हेतु आवश्यक अस्वच्छ व्यवसाय प्रमाण पत्र अब ऑनलाइन जारी किए जाएंगे। यह प्रमाण पत्र जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र की भांति अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार स्तर से जारी किया जाएगा। शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार चिप्स द्वारा ऑनलाइन प्रमाण पत्र की प्रक्रिया तैयार कर इसे लाइव कर दिया गया है। अब आवेदक कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी अथवा तहसीलदार कार्यालय स्थित लोक सेवा केन्द्र में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन कर सकेंगे।

# डाइट में द्वितीय वर्ष के छात्र अध्यापकों को दी गई भावभीनी विदाई




हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बेमेतरा में डीएलएड प्रथम वर्ष के छात्राध्यापकों द्वारा द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों को गरिमामय विदाई दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे रहे, जबकि संस्थान से सेवानिवृत्त सहायक प्राध्यापक डॉ. वसुबंधु दीवान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मां शारदे की पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर राखी ध्रुव ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य जे के घृतलहरे ने कहा कि विद्यार्थियों को उनके माता-पिता ने श्रेष्ठ शिक्षक बनने के उद्देश्य से इस संस्थान में भेजा है, इसलिए उनका दायित्व है कि वे अपने अभिभावकों के सपनों को साकार करें। उन्होंने कहा कि डाइट केवल प्रशिक्षण ही नहीं देता, बल्कि विद्यार्थियों को एक आदर्श एवं संस्कारित नागरिक बनाने का कार्य भी करता है। उन्होंने बताया कि जिले में नवाचारी शिक्षकों द्वारा छात्राध्यापकों को लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। साजा विकासखंड अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो की शिक्षिका प्रतीक जैन एवं शासकीय हाईस्कूल बोरिया, विकासखंड बेरला की व्याख्याता हेमलता साहू ने डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों के लिए दस-दस हजार रुपये पुरस्कार देने की घोषणा की है। वहीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारगांव के व्याख्याता दौलतराम साहू ने दोनों वर्षों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्राध्यापकों के लिए प्रतीक चिन्ह प्रदान करने की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि डॉ. वसुबंधु दीवान ने छात्राध्यापकों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने प्रथम वर्ष के छात्राध्यापकों द्वारा किए गए उत्कृष्ट आयोजन की सराहना भी की। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजक प्रस्तुतियां दी गईं तथा समूह प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राध्यापकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक परसराम साहू, पीएसटीई प्रभारी एवं व्याख्याता अनिल कुमार सोनी तथा जी.एल. खुटियारे ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन भावना सोनी, कार्मेल कुजुर, काजल नेताम एवं योगेश साहू ने किया। वहीं नेहा जुर्रे, यशवंत चंद्रवंशी, भूपेंद्र वर्मा, अजय अंचल, राजेश सिंह, सिद्धार्थ वर्मा, ऋतिक साहू, योगिता ध्रुव, देव जयश्री एवं महेंद्र पटेल ने आयोजन को सफल बनाने में विशेष सहयोग दिया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक उषा किरण पांडेय, परसराम साहू, प्रहलाद कुमार टिकरिहा, देवी प्रसाद चंदेश्वर, वरिष्ठ व्याख्याता थलज कुमार साहू, यमुना जांगड़े, कीर्ति घृतलहरे, कमलेश शर्मा, सत्येंद्र मिश्रा, अमिंदर भारतीय, पूनम पाण्डेय, सरस्वती साहू सहित संस्थान के समस्त अकादमिक एवं कार्यालयीन सदस्य तथा छात्राध्यापक उपस्थित रहे।

### कुकदुर सरकारी अस्पताल में सुविधाओं का भारी टोटा

**कोदवागोडान।** वनांचल क्षेत्र के लिए वरदान समझा जाने वाला 20 बिस्तरों का कुकदुर सरकारी अस्पताल आज स्वयं बीमार नजर आ रहा है। वर्ष 2022 से संचालित इस अस्पताल में संसाधनों और मैनपावर की भारी कमी ने इसे महज एक रेफरल सेंटर बनाकर रख दिया है। आलम यह है कि यहां मूलभूत सुविधाओं से लेकर जिम्मेदार पदों पर नियुक्तियों तक, हर मोर्चे पर विभागीय नजरंदाजी साफ दिखाई देती है।

# गौरकापा धाम में 16 मई को धूमधाम से मनाया जाएगा श्री शनि जन्म महोत्सव, उमड़ेगी आस्था

- मंदिर समिति एवं आयोजकों द्वारा तैयारियों को दिया जा रहा है अंतिम रूप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान

क्षेत्र के सुप्रसिद्ध सनातन आस्था केंद्र श्री गौरकापा धाम (ग्राम पंचायत दुल्लापुर बाजार) में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी शनि जयंती का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

शनिवार, 16 मई 2026 को आयोजित होने वाले इस श्री शनि जन्म महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। महोत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर में विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। मंदिर समिति और आयोजकों के अनुसार, इस विशेष दिन पर



प्रातः काल भगवान शनि देव का विधि-विधान से पूजन और विशेष तेल से महाअभिषेक किया जाएगा।

शनि पूजा एवं शनि चालीसा पाठ तथा भव्य महाआरती का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर पुण्य लाभ लेंगे। भगवान को महाभोग अर्पित करने के पश्चात भक्तों के लिए विशाल महाप्रसाद वितरण का आयोजन भी रखा गया है। आयोजन के मुख्य संरक्षक महंत विवेक गिरी महाराज हैं। आयोजन समिति ने समस्त धर्मप्रेमी जनता को सपरिवार इस पावन पर्व में सम्मिलित होने और भगवान श्री गणेश, श्री हनुमान जी और शनि देव का आशीर्वाद प्राप्त करने हेतु सादर आमंत्रित किया है।

# बोड़ला की होनहार बेटियों ने बढ़ाया जिले का मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा के घोषित परिणाम में नगर की दो प्रतिभाशाली छात्राओं आरिका माग्रे एवं भूमि माग्रे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर परिवार, समाज और जिले का नाम रोशन किया है।





दोनों छात्राएं कवर्धा स्थित रामकृष्ण स्कूल की छात्राएं हैं और अपने शानदार परिणाम से क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। बायोलॉजी संकाय की छात्रा आरिका माग्रे ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं कॉमर्स संकाय की छात्रा भूमि माग्रे ने 92 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दोनों छात्राओं ने जिले में भी उल्लेखनीय स्थान बनाकर नगर को गौरवान्वित किया है। दोनों चचेरी बहनें प्रारंभ से ही पढ़ाई के साथ-साथ शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रही हैं। परिणाम घोषित होने के बाद उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। परिवार ने इस सफलता का श्रेय छात्राओं की मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है।

इधर, मानिकपुरी समाज ने भी दोनों छात्राओं की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें समाज का गौरव बताया। समाज के राकेश दास, सुनील दास, भोला दास, बंटी एवं लकी मानिकपुरी ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### अब सिर्फ घर नहीं चला रही महिलाएं, रानी मिस्त्री बनकर खड़ा कर रही घर भी



हरिभूमि/कवर्धा। कभी दूसरों के निर्माण कार्यों में सिर्फ ईंट उठाने और मसाला ढोने तक सीमित रहने वाली ग्राम राम्हेपुर की महिलाएं आज खुद मकानों की दीवारें खड़ी कर रही हैं। जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा के इस छोटे से गांव में अब महिलाएं "रानी मिस्त्री" बनकर आत्मनिर्भरता की नई इबारत लिख रही हैं। गांव की कमला बाई, फूलमती और सावित्री जैसी महिलाएं बताती हैं कि पहले वे निर्माण कार्यों में केवल रेजा और हेल्पर का काम करती थीं। दिनभर मेहनत के बाद भी मजदूरी कम मिलती थी और परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं हो पाती थी। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। 30 दिवसीय प्रशिक्षण के बाद वे खुद दीवार निर्माण, प्लास्टरिंग, नाप-जोख, शटरिंग और निर्माण गुणवत्ता की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा के ग्राम राम्हेपुर में प्रोजेक्ट उन्नति के तहत 35 ग्रामीण महिलाओं को "रानी मिस्त्री" के रूप में प्रशिक्षित किया गया। आरसेटी द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण में महिलाओं को केवल राजमिस्त्री का तकनीकी ज्ञान ही नहीं दिया गया, बल्कि शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी और कार्यस्थल पर सुरक्षा उपायों का भी व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। आज यही महिलाएं गांव और आसपास के क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सहित अन्य निर्माण कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। पहले जहां निर्माण कार्य पुरुषों का क्षेत्र माना जाता था, वहीं अब महिलाएं खुद राजमिस्त्री बनकर समाज की सोच बदल रही हैं। राम्हेपुर की इन महिलाओं की कहानी केवल रोजगार पाने की कहानी नहीं है, बल्कि यह आत्मविश्वास, सम्मान और सामाजिक बदलाव की कहानी है। जिन हाथों ने अब तक घर चलाने की जिम्मेदारी उठाई है वही हाथ अब लोगों के सपनों का घर खड़ा कर रहे हैं।

ग्राम बिजई में ग्रामीणों ने निकाली भव्य कलश यात्रा

# श्री शनिदेव जयंती पर 3 दिवसीय मेला



### 16 मई को रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम

16 मई को रात्रिकालीन कार्यक्रम में आराधना म्यूजिकल ग्रुप बिलासपुर एवं गायक संतोष यादव द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में पंडित अशोक पाठक, शनिदेव मंदिर पूजा-पाठ कर्ता रबेली की विशेष भूमिका रही। आयोजन का सफल संचालन श्री शनिदेव समिति एवं समस्त ग्रामवासी रबेली द्वारा किया जा रहा है। मेले में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद उठा रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिजई

ग्राम रबेली में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम देवी-देवताओं के आशीर्वाद से श्री शनिदेव जयंती एवं तीन दिवसीय मेला कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

आयोजन का शुभारंभ 14 मई की सुबह 7 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई। शनिदेव मंदिर प्रांगण रबेली में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में पंडित शंकर लाल मिश्रा, श्रीराम कथा एवं श्रीमद्भागवत कथा वाचक पंडरिया द्वारा दोपहर 3 बजे से कथा वाचन किया गया। वहीं शाम के समय आचार्य प्रशांत शर्मा, भागवताचार्य दुल्लापुर-रबेली ने भक्तों को धर्म और भक्ति का संदेश दिया।

14 मई की रात्रि में मोर तुलसी के बिरवा मानस परिवार ग्राम लौचन द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में गायिका कुमारी अनुराधा एवं यशवंत साहू ने भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा व्यास पंडित राम लोचन तिवारी रबेली वाले, मानस रत्न एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता ने भी धार्मिक प्रवचन दिए।

15 मई की रात्रि में मां वैभव मानस परिवार ग्राम निंगापुर की प्रस्तुति आयोजित होगी, जिसमें गायक दुर्गेश चंद्रवंशी भजनों की प्रस्तुति देंगे।

# यूनिसेफ व भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के संयुक्त तत्वावधान में भव्य कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

यूनिसेफ एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में तारुण्य वार्ता पीरियड्स पर खुलकर अभियान के अंतर्गत दो दिवसीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ रायपुर स्थित श्री बालाजी विद्या मंदिर में हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के जिला संगठन आयुक्तों एवं एडल्ट लीडर्स ने भाग लिया।



कबीरधाम जिले से जिला संगठन आयुक्त स्काउट अजय चंद्रवंशी, गाइड कैप्टिन संगीता साहू एवं गाइड कैप्टिन शीतला साहू प्रशिक्षण में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने कहा कि मासिक धर्म जैसे विषय पर चुप्पी नहीं, बल्कि जागरूकता और खुलकर संवाद की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक बालिका को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सम्मानजनक माहवारी प्रबंधन का अधिकार मिलना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा ने कहा कि यूनिसेफ के सहयोग से प्रारंभ इस अभियान को प्रदेश के हर वर्ग तक पहुंचाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि अभियान का समापन 28 मई को मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में होगा। यूनिसेफ की छत्तीसगढ़ हेड सीमा कुमार ने कहा कि यह अभियान केवल स्वास्थ्य जागरूकता तक सीमित नहीं, बल्कि बालिकाओं के सम्मान, समानता और सशक्तिकरण से जुड़ा है। उन्होंने माहवारी से जुड़े मिथकों और झिझक को समाप्त करने तथा लड़कों को भी इस विषय में संवेदनशील बनाने पर जोर दिया।

## अनदेखी: कोलेगांव-हथमुड़ी मार्ग में गुणवत्ताविहीन साइड शोल्डर डालने का आरोप

# प्रधानमंत्री सड़क पर पीली मिट्टी बनी हादसे की वजह, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव से हथमुड़ी तक प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत निर्मित सड़क पर साइड शोल्डर में गुणवत्ता विहीन पीली चिकनी मिट्टी डाले जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सड़क किनारे डाली गई मिट्टी फिसलन भरी होने के कारण लगातार दुर्घटनाओं का कारण बन रही है। हाल ही में हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत के बाद ग्रामीणों में भारी नाराजगी है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क के दोनों किनारों पर साइड शोल्डर निर्माण के नाम पर ऐसी मिट्टी डाली गई है, जो हल्की बारिश या नमी में बेहद चिकनी हो जाती है। दोपहिया वाहन का टायर जैसे ही सड़क किनारे उतरता है, वाहन अनियंत्रित होकर फिसल जाता है। इसके बावजूद अब तक न तो संबंधित विभाग द्वारा जांच कराई गई और न ही सुधार कार्य शुरू किया गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग कबीरधाम और बिलासपुर जिले को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है, जहां सुबह से देर रात तक भारी वाहनों और दोपहिया वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। ऐसे में खराब साइड शोल्डर आने वाले बरसात के मौसम में और खतरनाक साबित हो सकते हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते गुणवत्ता पूर्ण मटेरियल से साइड शोल्डर का निर्माण नहीं कराया गया तो आगे और बड़े हादसे हो सकते हैं। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि बरसात शुरू होने से पहले सड़क किनारे डाली गई खराब मिट्टी को हटाकर गुणवत्ता पूर्ण सामग्री डाली जाए तथा पूरे मामले की जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाए।

### दोपहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा परेशान



ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार सड़क किनारे डाली गई पीली मिट्टी हल्की बारिश के बाद पूरी तरह दलदल और फिसलन में बदल जाती है। इससे सबसे अधिक परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को हो रही है। कई बार वाहन चालक संतुलन खोकर गिर चुके हैं। लोगों ने बताया कि हाल ही में हुई दुर्घटनाओं के पीछे भी यही फिसलन बड़ी वजह है।

### हर दिन हजारों वाहनों की आवाजाही

कोलेगांव-हथमुड़ी सड़क क्षेत्र की प्रमुख सड़कों में शामिल है, जो सीधे कबीरधाम और बिलासपुर जिले को जोड़ती है। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन होता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि बरसात से पहले सड़क के साइड शोल्डर को दुरुस्त नहीं किया गया तो दुर्घटनाओं का खतरा और बढ़ जाएगा। कबीरधाम और बिलासपुर जिले को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है, जहां सुबह से देर रात तक छोटे-बड़े, सवारी व दोपहिया और भारी वाहनों की आवाजाही लगी रहती है।

# खरीफ फसलों का समर्थन मूल्य बढ़ने से गांवों में बढ़ेगी खुशहाली: भुवनेश्वर

- किसानों की समृद्धि की मजबूत नींव रख रही मोदी सरकार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



केन्द्र सरकार द्वारा खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में की गई बढ़ोतरी को लेकर किसानों के बीच नई उम्मीद और उत्साह का माहौल बन गया है। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष भुवनेश्वर चंद्राकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के इस फैसले को किसानों की आय बढ़ाने वाला ऐतिहासिक निर्णय बताया है।

उन्होंने कहा कि यह केवल फसलों के समर्थन मूल्य में वृद्धि नहीं, बल्कि खेतों में पसीना बहाने वाले अन्नदाताओं के सम्मान और उनके भविष्य को सुरक्षित करने का बड़ा संकल्प है। भुवनेश्वर चंद्राकर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रीमंडल की बैठक में विपणन सत्र 2026-27 के लिए 14 प्रमुख खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को मंजूरी दी गई है। सरकार का उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित दाम दिलाना और खेती को अधिक लाभकारी बनाना है। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती खेती लागत के बीच यह फैसला किसानों को आर्थिक मजबूती देने वाला साबित होगा। उन्होने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित केंद्रीय मंत्रीमंडल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार के इन फैसलों से किसानों में नया विश्वास पैदा हुआ है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में ये निर्णय खेती को अधिक लाभकारी बनाने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत करेंगे। भुवनेश्वर चंद्राकर ने कहा कि केंद्र सरकार ने इस खरीफ सत्र में लगभग 824.41 लाख मीट्रिक टन फसलों की खरीदी का लक्ष्य रखा है। इससे किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी और उन्हें उचित मूल्य मिल सकेगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार लगातार किसानों को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। किसान सम्मान निधि योजना, सिंचाई योजनाएं और समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी जैसे निर्णय किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं। सरकार का उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित दाम दिलाना और खेती को अधिक लाभकारी बनाना है।

### धान से तिलहन तक हर किसान को मिलेगा फायदा

उन्होंने बताया कि सरकार ने धान, दलहन, तिलहन और कपास सहित 14 प्रमुख खरीफ फसलों के समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी की है। इसके साथ ही सरकार ने इन फसलों की खरीदी के लिए लगभग 2.60 लाख करोड़ रुपये खर्च करने का अनुमान तय किया है। यह निर्णय किसानों को बाजार की अनिश्चितता से राहत दिलाने और उनकी उपज का बेहतर मूल्य सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### गन्ना किसानों के लिए भी बड़ा फैसला

उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्रीमंडल द्वारा 2026-27 सत्र के लिए गन्ने का उचित एवं लाभकारी मूल्य 365 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया जाना भी किसानों के हित में बड़ा निर्णय है। इससे गन्ना उत्पादक किसानों को सीधा लाभ मिलेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### चखना सेंटरों में बढ़ रहा हुड़दंग, लोग परेशान

**कवर्धा।** जिले की सरकारी शराब दुकानों के आसपास संचालित चखना सेंटरों में खुलेआम बैठकर शराब सेवन किया जा रहा है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों और राहगीरों को भारी दिक्कते व परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शाम होते ही इन स्थानों पर शराबियों की भीड़ जुटने लगती है और कई लोगा नशे की हालत में हुड़दंग, शोर-शराबा और विवाद करते नजर आते हैं। इनके खिलाफ शासन प्रशासन को सख्त कार्रवाई की जरूरी है ताकि आम लोगों व राहगीरों को सुविधा व राहत मिल सकें।

### प्रभावित पशुपालकों को बिजली कंपनी ने दी सहायता राशि

**खैरागढ़।** बिजली दुर्घटना से प्रभावित पशुपालकों को बिजली कंपनी ने सहायकता राशि का चेक वितरति किया। सुशासन तिहार दौरान पैलीमेटा वितरण केंद्र अंतर्गत आने वाले ग्राम जीराटोला में विद्युत करंट की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में सात मवेशियों की मृत्यु हो जाने पर प्रभावित पशुपालकों को विभाग के प्रमुख कार्यपालक निदेशक शिरीष सलेट व अधीक्षण अभियंता शक्केश्वर कंवर के मार्गदर्शन व निर्देश पर कार्यपालन अभियंता एके दुबे ने संबंधित पशुपालकों को चेक प्रदान दिया। विभाग द्वारा सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में पीड़ित पशुपालकों को सांत्वना व सहयोग स्वरूप सहायता राशि दी गई। विभागीय अधिकारियों ने प्रभावित परिवारों के प्रति पुश की असमायिक मौत पर संवेदना व्यक्त करते हुए भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने आवश्यक सावधानी व सतत निगरानी बनाए रखने का आश्वासन दिया।

# सीबीएसई 12वीं में अभ्युदय स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन, बढ़ाया जिले का गौरव

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा







सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम-2026 में अभ्युदय स्कूल कवर्धा ने एक बार फिर शानदार सफलता हासिल करते हुए जिले में अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को कायम रखा है। विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। निरंतर गुणवत्ता आधारित शिक्षा, अनुशासित वातावरण तथा अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम इस वर्ष भी शानदार उपलब्धियों के रूप में सामने आया है।

जिसमें बुधवार को घोषित सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में विद्यालय का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 95.24 प्रतिशत रहा। इस वर्ष कुल 42 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 40 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंकों के साथ यह सिद्ध कर दिया कि समर्पण, सतत अभ्यास एवं सही मार्गदर्शन सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। विज्ञान संकाय में कुल 16 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 14 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त करते हुए 87.5 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया।

जिसमें विज्ञान संकाय में भावेश अग्रवाल 90.4 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं ताशी सिंह शर्मा 89.2 द्वितीय, रिजक गुम्बर 87.2 तृतीय तथा अविका दुबे 87.0 ने चतुर्थ स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं विशेष उपलब्धि के अंतर्गत ताशी सिंह शर्मा, रिजक गुम्बर एवं अविका दुबे ने स्कल्पचर विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। साथ ही वाणिज्य संकाय में विद्यालय ने शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज करते हुए शानदार उपलब्धि हासिल की। कुल 26 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी तथा सभी 26 विद्यार्थी सफल रहे। वाणिज्य संकाय में सिद्धांत चंद्रवंशी 88.8 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं प्रथम जैन 83.4 ने द्वितीय, श्रेयश शर्मा 83.2 ने तृतीय तथा दक्ष जैन 83.0 ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में 7 विद्यार्थियों ने 80 से अधिक अंक अर्जित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### विद्यालय का नाम किया गौरवान्वित

प्राचार्य तोरण साहू ने सभी सफल विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2025-26 में अभ्युदय विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। साथ ही अकादमिक प्रमुख श्रीमती व्ही शोभा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अभ्युदय विद्यालय का यह उत्कृष्ट परिणाम विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, शिक्षकों के प्रभावी मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का प्रतीक है।

### भाजपा मंडल पंडरिया की बैठक संपन्न, संगठन को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर

**पंडरिया।** भाजपा मंडल पंडरिया अंतर्गत मंझोली शक्ति केंद्र में गुरुवार को संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा मंडल को आत्मनिर्भर बनाने, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने तथा संगठन को मजबूत करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक प्रदेश भाजपा के निर्देश एवं जिला भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में पंडरिया विधायक भावना बोहरा के नेतृत्व में संपन्न हुई। कार्यक्रम में शक्ति केंद्र प्रभारी चंद्र कुमार सोनी, संयोजक शिवचरित्र सिंह ठाकुर और सह संयोजक हरि साहू की विशेष उपस्थिति रही। बैठक में मंडल कार्यकारिणी सदस्य, निर्वाचित जनप्रतिनिधि, विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

# जनता की समस्याओं का समाधान ही हमारी प्राथमिकता: भावना बोहरा

## सुशासन तिहार बना जनसंवाद का माध्यम, समाधान शिविर में उमड़ी भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ की जनता के समस्याओं का निराकरण कर उन तक शासन की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन की दिशा में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश स्तर पर सुशासन तिहार के तहत सरकार जनता के द्वार पहुंचकर समस्याओं का निराकरण कर रही है।

इसी कड़ी में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ग्राम पंचायत रणवीरपुर एवं घुटुरकुण्डी में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुईं और बड़ी संख्या में उपस्थित जनता से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और उपस्थित विभाग के अधिकारियों को तत्काल समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने आगे कहा कि जनसेवा ही हमारा संकल्प है, और जनता की समस्याओं का समाधान ही हमारी प्राथमिकता है तथा सुशासन तिहार, जनसमस्याओं के समाधान हेतु भाजपा सरकार की इसी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणादायी पहल एवं डबल इंजन सरकार के सतत प्रयासों से आज प्रदेश की माताएं-बहनें आर्थिक रूप से सशक्त बन रही है। किसानों को प्रोत्साहन मिलने से वे कृषि के क्षेत्र में आधुनिकता से जुड़ रहें हैं और आत्मनिर्भर बन रहें हैं, प्रदेश के युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर मिल रहें हैं जिससे वे अपने उज्वल भविष्य की ओर निरन्तर अग्रसर हो रहें हैं।

छत्तीसगढ़ और हमारा पंडरिया विधानसभा भी विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। एक वक्त था जब पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में पंडरिया को उपेक्षित रखा गया, लेकिन आज डबल इंजन भाजपा सरकार में हमारा पंडरिया विधानसभा निरंतर समृद्धि की ओर आगे बढ़ रहा है। इस दौरान भावना बोहरा ने विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को राशन कार्ड, ट्राइसायकल व लखपति दीदियों को चेक तथा प्रशस्ति पत्र का वितरण कर उन्हें बधाई दी और इन योजनाओं से उनके जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तन को जाना और जनता से संवाद किया। इस अवसर पर अधिकारी पदाधिकारी व भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, सभी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी गण उपस्थित थें।

### जनता के द्वार पहुंच रही सरकार

विधायक ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के कुशल मार्गदर्शन में सुशासन तिहार प्रदेश में सुशासन की सशक्त स्थापना, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और जन संवाद को सशक्त बनाने के उद्देश्य आयोजित किया किया गया है जो जनसुविधाओं के विस्तार व जनता के समस्याओं के समाधान में सार्थक भूमिका निभा रहा है। आज सरकार स्वयं जनता के गांव और द्वार जाकर उनकी अपेक्षाओं को सुन रही है, समस्याओं का समाधान कर रही है और शासन की योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचा रही है। हमारी सरकार, शासन के प्रत्येक स्तर पर पारदर्शिता, प्रभावशीलता और जन-हितैषी प्रशासन की स्थापना हेतु कटिबद्ध है। इस तिहार के माध्यम से शासन-प्रशासन सीधे आम जनता से जुड़कर, उनकी समस्याओं को समयबद्ध ढंग से सुलझाने का कार्य कर रही है। हमारी सरकार राज्य में सुशासन की स्थापना को लेकर लगातार काम कर रही है। शासन-प्रशासन के प्रत्येक स्तर पर शासकीय कामकाज में पारदर्शिता आए, शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो यही हमारा लक्ष्य है।

### राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 31 जुलाई तक नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2026 के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रतिवर्ष भारत के राष्ट्रपति द्वारा उन बच्चों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाया है। नामांकन प्रक्रिया 31 जुलाई तक जारी रहेगी। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रतिवर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने व देश का गौरव बढ़ाने पर दिया जाएगा जो कि प्रक्रिया 31 जुलाई तक जारी रहेगी।

# एनएसयूआई ने नीट प्रश्नपत्र लीक के विरोध में प्रदर्शन कर किया पुतला दहन

- परीक्षा की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

नीट प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर गुरुवार को कवर्धा में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने उग्र प्रदर्शन किया। सिग्नल चौक स्थित कांग्रेस भवन में आयोजित प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का पुतला दहन किया। इसके बाद कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व पंडरिया विधानसभा अध्यक्ष देवव्रत चन्द्रवंशी और बोड़ला ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश जायसवाल ने किया। छात्र नेताओं ने कहा कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक होना देश के लाखों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ गंभीर खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि मेहनत कर परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों का विश्वास लगातार टूट रहा है। देवव्रत चन्द्रवंशी ने कहा कि यदि परीक्षा की पवित्रता भंग हुई है तो दोषियों को कठोर दंड मिलना चाहिए और प्रभावित विद्यार्थियों को न्याय मिलना चाहिए।

## शालेय बेसबॉल सॉफ्टबॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया

# 9 खिलाड़ियों को 1.48 हजार का प्रोत्साहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 69वीं शालेय राष्ट्रीय बेसबॉल एवं सॉफ्टबॉल खेल में नगर में संचालित प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा से नौ खिलाड़ियों को शिक्षा विभाग की ओर से राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक लगाने के उपलक्ष्य पर 1 लाख 48 हजार रुपए का चेक जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा, उपसंचालक महेंद्र गुप्ता, जिला क्रीड़ा अधिकारी संदीप ग्वालिकर, व्यायाम शिक्षक दिनेश साहू एवं अन्य अधिकारियों के द्वारा गुरूवार को डीईओ कार्यालय में वितरण किया गया।

जिससे सभी खिलाड़ी उत्साहित हुए साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई प्रेषित किए, वही लगातार 13 वर्षों से कबीरधाम जिले में बेसबॉल सॉफ्टबॉल खेल के खिलाड़ियों ने राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगितायो में पदक लगाकर प्रदेश व कबीरधाम जिले का नाम रौशन करते आ रहे है। इस सत्र में भी पूरे जिले में सिर्फ बेसबॉल सॉफ्टबॉल खेल में पदक लगा है, जो बहुत ही गौरव का क्षण है।

वहीं अकेडमी के नौ खिलाड़ियों को 1 लाख 48 हजार रुपए का प्रोत्साहन राशि मिलने के उपलक्ष्य पर नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, एकेडमी के अध्यक्ष गणेश तिवारी, संस्थापक राजा पीयूष टाटिया, निज सहायक गजराज सिंह ठाकुर, नरेंद्र मानिकपुरी, पार्षद दीपक सिन्हा, अशोका स्कूल संचालक पवन देवांगन, वरिष्ठ समाजसेवी अतुल देशलहरा, श्याम चकोर एवं समस्त खिलाड़ियों ने बधाई दी।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर मिली सफलता

एकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया कि सत्र 2025-26 में शालेय राष्ट्रीय बेसबॉल सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में कुल 14 खिलाड़ियों का चयन हुआ था, जिसमें सॉफ्टबॉल जुनियर वर्ग में सोहम सिंह, शुभम सेन, पूजा चंद्रवंशी का स्वर्ण पदक लगा था, वही सॉफ्टबॉल सीनियर वर्ग में श्रवण सिंह राजपूत का रजत पदक, विनीता यादव का कांस्य पदक लगा इसके साथ ही बेसबॉल सीनियर वर्ग में कृष सिन्हा,हिमेश दास मानिकपुरी, वैदेही सिन्हा का रजत पदक, जूनियर वर्ग में लक्ष्य लांझी, चंद्रेश कोर्राम का रजत पदक एवं मिनी वर्ग में तान्या सिन्हा, दीक्षांत यादव और मयंक टंडन का रजत पदक कुल 13 पदक इस सत्र में लगाया गया है जिसमें 3 स्वर्ण, 9 रजत एवं 01 कांस्य पदक प्राप्त किया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जिले को मिला पहला जेडईडी गोल्ड सर्टिफिकेशन

**राजनांदगांव।** संस्कारधानी की प्रतिष्ठित संस्था एसके इंडस्ट्रीज को भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) द्वारा जेडईडी स्वर्ण प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि जिले के उद्योग क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। यह प्रमाणपत्र एमएसएमई सतत (जेडईडी) प्रमाणन योजना के अंतर्गत प्रदान किया गया है, जो उद्योगों में गुणवत्ता, पर्यावरण संरक्षण एवं आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देता है। इस उपलब्धि को प्राप्त करने में सौरभ कुमार पांडेय जो कि एमएसएमई जेडईडी फैसिलिटेटर है, का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन रहा।

### कबीर चौक प्रवेश द्वार निर्माण की स्वीकृति

**राजनांदगांव।** अग्रवाल ट्रांसपोर्ट जीई रोड़ में सद्गुरू कबीर चौक में कबीर चौक प्रवेश द्वार निर्माण के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को कबीर मठ नादिया के कार्यक्रम में जिला कबीर पंथ समाज द्वारा कबीर चौक राजनांदगांव में भव्य प्रवेश द्वार निर्माण के लिए मांग रखी गई थी। जिसकी घोषणा मुख्यमंत्री ने उक्त कार्यक्रम में शीघ्र ही मंच के माध्यम से किया गया था। उक्त जानकारी देते समिति के अध्यक्ष हरीश साहू एवं उपाध्यक्ष भगवानी साहू ने बताया कि उसकी स्वीकृति पत्र 12 मई 2026 को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में महापौर मधुसूदन यादव एवं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के माध्यम से जिला कबीर पंथ समाज को प्रवेश द्वार निर्माण के लिए 40 लाख रुपए स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। उक्त स्वीकृति से जिला कबीर पंथ समाज एवं समस्त कबीर पंथ परिवार के द्वारा मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, महापौर एवं पूर्व सांसद को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

### कर्मकार समाज भूषण अवार्ड से आस सम्मानित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के संत शिरोमणि विदास एवं दयावान प्रणेता आसकुमार कन्नौजे को सामाजिक क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य करने तथा सामाजिक एवं मानवीय जीवन कल्याण के लिए किए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए नागपुर महाराष्ट्र में "कर्मकार समाज भूषण अवार्ड" से सम्मानित किया गया है।

### डिवाइडर से टकराई कार

**चिचोला।** झुरा नदी के डिवाइडर से एक कार टकरा गई। यह कार नागपुर से रायपुर की ओर जा रही थी। कार क्रमांक एमएच 31 एफई 6559 तेज रफ्तार में होने से पुलिया के अहाता से टकरा गई। कार चालक और सवार महिला को हल्की चोटे आई है। घटना के बाद डिवाइडर के कारण गाड़ी रुक गया नहीं तो सीधा नदी में गिरती । यहां पर अंधा मोड़ के कारण से आउ दिन घटना होते रहती है।

### विस अध्यक्ष से मिले मोर्चा कार्यकर्ता

**डोंगरगढ़।** जिला भाजयुमो के मन की बात प्रमुख ने अपनी नियुक्त के बाद कार्यकर्ताओं के साथ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए युवा मोर्चा की आगामी गतिविधियों एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को जन-जन तक पहुंचाने पर चर्चा किया गया।

# 1965 और 1971 युद्ध के वॉर वेटेरन रिटायर्ड कर्नल डॉ. राधु प्रसाद पांडेय नहीं रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

भारतीय सेना के रिटायर्ड कर्नल एवं 1965 तथा 1971 भारत-पाक युद्ध के वॉर वेटेरन रिटायर्ड कर्नल (डॉ.) राधु प्रसाद पांडेय का गुरुवार की मध्यरात्रि रायपुर स्थित समता कॉलोनी निवास में 93 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही नवागढ़ ब्लॉक के ग्राम बाघुल सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सैन्य सेवा, चिकित्सा क्षेत्र और सामाजिक जीवन में उनके योगदान को लोग भावुक होकर याद कर रहे हैं।

स्वर्गीय कर्नल पांडेय मूलतः परतेवा वाले परिवार से थे तथा लंबे समय से रायपुर के समता कॉलोनी में निवासरत थे। वे भारतीय सेना में उच्च पद पर सेवाएं देने के साथ-साथ 1965 एवं 1971 के युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वीर सेनानी रहे। देश सेवा के प्रति उनका समर्पण और अनुशासित जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा माना जाता रहा है। वे शकुंतला पांडेय के पति थे। उनके पुत्र सुनील पांडेय छत्तीसगढ़ माइनिंग कॉर्पोरेशन में अधिकारी पद से सेवानिवृत्त हुए हैं, वहीं उनके दूसरे पुत्र शहीद सेकंड लेफ्टिनेंट राजीव पांडेय को देश सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने पर मरणोपरांत वीर चक्र से सम्मानित किया गया था। उनकी पुत्री रंजना पांडेय हैं। स्वर्गीय कर्नल पांडेय का ससुराल नवागढ़ ब्लॉक के ग्राम बाघुल में है।

## शहीद पुत्र को मिला था वीर चक्र सम्मान

- ग्राम बाघुल से था गहरा जुड़ाव
- सामाजिक और शैक्षणिक जगत ने दी श्रद्धांजलि



### लोगों ने जताया गहरा दुख

ग्राम बाघुल के बुजुर्गों के अनुसार, कर्नल पांडेय जब भी गांव आते थे, तो लोगों से बड़े अपनत्व के साथ मिलते थे। सैन्य पृष्ठभूमि और उच्च पद पर रहने के बावजूद उनके व्यवहार में कभी अहंकार नहीं दिखा। यही कारण है कि वे गांव के लोगों के बीच अत्यंत सम्मानित और प्रिय थे। वे गुरुकुल विद्यालय नवागढ़ के संचालक राजेश धर दीवान के फूफा थे। उनके निधन पर दीवान परिवार बाघुल एवं नवागढ़ सहित क्षेत्र के अनेक सामाजिक, शैक्षणिक और प्रतिष्ठित लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। लोगों ने कहा कि कर्नल पांडेय का जीवन राष्ट्रसेवा, अनुशासन, सादगी और मानवीय मूल्यों का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसे आने वाली पीढ़ियां सदैव याद रखेंगी।

## जायजा : रात्रि गश्त, पेट्रोलिंग और बीट व्यवस्था मजबूत करने पर दिया जोर

# डीआईजी ने कंडरका चौकी का किया औचक निरीक्षण अवैध कारोबारियों पर सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू ने बुधवार रात्रि पुलिस चौकी कंडरका का औचक निरीक्षण कर कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य चौकी स्तर पर पुलिस की सतर्कता, अनुशासन और अपराध नियंत्रण की तैयारियों की समीक्षा करना था। निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाते हुए बेहतर पुलिसिंग के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने जनरल डायरी, ड्यूटी रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों और चौकी परिसर का गहन निरीक्षण किया। साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की मुस्तैदी, अनुशासन एवं कार्यप्रणाली की जांच की।



डीआईजी ने अपराधियों की सूची, बीट व्यवस्था एवं वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त निर्देशों के पालन की समीक्षा करते हुए ई-साक्ष्य के उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों को निर्धारित साफ-सुथरी वर्दी में ड्यूटी करने तथा महिला फरियादियों से संयमित व्यवहार कर उनकी शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सुशासन तिहार 2026" के मद्देनजर उन्होंने जन शिकायतों के समयबद्ध निराकरण, कानून व्यवस्था की मजबूती और नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया। बीट प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित करें तथा जुआ, अवैध शराब, गांजा, नशीले पदार्थों एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों की जानकारी संकलित करें। निगरानी बदमाशों और सूचीबद्ध अपराधियों पर सतत नजर रखने तथा बीट पुस्तिका नियमित रूप से अद्यतन करने के साथ अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवाओं एवं अन्य अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही लंबित अपराध, मर्ग, शिकायतों और वारंटों के त्वरित निराकरण पर जोर दिया। असामाजिक तत्वों, शराब पीकर हंगामा करने वालों एवं आदतन अपराधियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने कहा गया। उन्होंने 60 से 90 दिनों के भीतर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत करने, तलाशी एवं जब्ती के दौरान फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी अनिवार्य करने तथा भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बस स्टैंड, चौपाटी एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में नियमित चेकिंग अभियान चलाने तथा संदिग्ध व्यक्तियों, फेरीवालों एवं गुमटी संचालकों की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

सोशल मीडिया निगरानी एवं सामुदायिक पुलिसिंग को मजबूत करने के लिए "हमर पुलिस हमर बजार" एवं "हमर पुलिस हमर गांव" अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश भी दिए गए। औचक निरीक्षण के दौरान चौकी प्रभारी उप निरीक्षक डी.एल. सोना, प्रधान आरक्षक पोषण साहू, आरक्षक दिनेश साहू, मुरली प्रसाद सोनी, योगेश साहू सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मानाबंद तालाब की सफाई की मांग, नागरिकों ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

नगर पंचायत नवागढ़ के मानाबंद तालाब में बढ़ती गंदगी और जलकुंभी की समस्या को लेकर स्थानीय नागरिकों ने नगर पंचायत अध्यक्ष सिद्धांत चौहान को ज्ञापन सौंपकर जल्द सफाई अभियान चलाने की मांग की। नागरिकों ने बताया कि तालाब नगर की धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां प्रतिवर्ष प्रतिमा एवं जोत-जावरा विसर्जन किया जाता है। समाज सेवक सत्यम ताम्रकार ने कहा कि तालाब की नियमित सफाई नहीं होने से गंदगी बढ़ रही है और बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है। ज्ञापन के दौरान सीएमओ कार्यालय में मौजूद नहीं थे।

इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष सोम ठाकुर सहित पार्षद एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष ने जल्द सफाई व्यवस्था सुधारने और विशेष अभियान चलाने का आश्वासन दिया।

### जुड़वा भाइयों ने रचा सफलता का इतिहास

**डोंगरगढ़।** शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री निजार जीवा के दोनों जुड़वा पुत्रों अकिफ जीवा एवं अदीब जीवा ने कक्षा 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए परिवार और शहर का नाम रोशन किया है। अकिफ जीवा ने 88 प्रतिशत तथा अदीब जीवा ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। दोनों ने अपनी सफलता का श्रेय केन्द्रीय विद्यालय के शिक्षकों को दिया। इस सफलता पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# गौमाता और सनातन संस्कृति पर राजनीति ओर घड़ियाली आंसू बहाना बंद करे कांग्रेसः भाजयुमो


## कांग्रेस नेताओं के बयान पर भाजयुमो का जोरदार पलटवार, कहा हिंदू आस्था का अपमान बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कांग्रेस नेताओं द्वारा भाजपा सरकार और जन प्रतिनिधियों पर लगाए गए आरोपों के बाद अब भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने तीखा पलटवार किया है। भाजयुमो जिला अध्यक्ष विजय वर्मा एवं जिला महामंत्री गौरव यदु ने संयुक्त बयान जारी कर कांग्रेस नेताओं पर सनातन संस्कृति, हिंदू आस्था और गौमाता के नाम पर राजनीतिक रोटियां सेंकने का आरोप लगाया है।

भाजयुमो नेताओं ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास हमेशा से सनातन विरोधी मानसिकता का रहा है। जब-जब कांग्रेस को अवसर मिला, उसने हिंदू आस्था और परंपराओं को ठेस पहुंचाने का काम किया। आज गौमाता के नाम पर राजनीति करने वाले कांग्रेस नेता पहले यह जवाब दें कि कांग्रेस शासित राज्यों में खुलेआम गौहत्या और गौतस्करी पर उनकी पार्टी क्यों मौन रही। 2018 से 2023 तक प्रदेश में कांग्रेस सरकार के समय गोठानों में बिना चारा पानी के भूख से गौमाता की मौत हो जाना आम बात हो गई थी जिस पर कांग्रेसियों के मुंह से आवाज नहीं निकला ।

**गौमाता हमारी श्रद्धा और संस्कृति का आधारः** भाजयुमो जिला अध्यक्ष विजय वर्मा ने कहा गौमाता करोड़ों हिंदुओं की आस्था का केंद्र हैं। भाजपा सरकार गौसेवा, गौसंरक्षण और सनातन संस्कृति के संरक्षण के लिए लगातार कार्य कर रही है। लेकिन कांग्रेस केवल राजनीतिक स्वार्थ के लिए गौमाता के मुद्दे को भड़काने का प्रयास कर रही है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की विष्णु देव साय सरकार सुशासन और कानून व्यवस्था के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यदि कोई कानून हाथ में लेगा, सामाजिक तनाव फैलाएगा या राजनीतिक नौटंकी करेगा तो उस पर वैधानिक कार्रवाई होना तय है।





### कांग्रेस नेताओं से पूछे तीखे सवाल

भाजयुमो जिला महामंत्री गौरव यदु ने कांग्रेस नेता आशीष छाबड़ा एवं प्रांजल तिवारी पर हमला बोलते हुए कहा कि नवागढ़ क्षेत्र की जनता उनसे जवाब चाहती है कि उनके ही पूर्व विधायक द्वारा गौमाता की चारागाह की लगभग साढ़े चार एकड़ भूमि पर हुए कथित कब्जे के खिलाफ कांग्रेस आखिर कब आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कांग्रेस नेताओं को केवल कैमरे और बयानबाजी की राजनीति आती है। यदि वास्तव में गौमाता के प्रति संवेदनशीलता है तो पहले चारागाह भूमि मुक्त कराने आंदोलन करें। जनता सब समझ रही है कि कांग्रेस केवल दिखावे की राजनीति कर रही है।

### मंत्री की प्रतीकात्मक शवयात्रा पर भड़का भाजयुमो

भाजयुमो नेताओं ने नवागढ़ विधायक एवं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल की प्रतीकात्मक शवयात्रा निकाले जाने को हिंदू संस्कृति और लोकतांत्रिक मर्यादाओं का अपमान बताया। नेताओं ने कहा कि इस प्रकार की राजनीति से कांग्रेस की मानसिकता उजागर होती है और क्षेत्र की जनता इसे कभी स्वीकार नहीं करेगी। भाजयुमो नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि हिंदू धर्म, गौमाता और सनातन संस्कृति का अपमान किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा भाजयुमो का एक-एक कार्यकर्ता गौमाता के सम्मान और हिंदू संस्कृति की रक्षा के लिए सदैव तैयार है। कांग्रेस यदि दोबारा इस तरह की ओछी राजनीति और आस्था पर हमला करने की कोशिश करेगी तो भाजपा और भाजयुमो कार्यकर्ता जनता के साथ मिलकर मुंहतोड़ जवाब देंगे।

# कलेक्टर ने लाइवलीहुड कॉलेज का किया निरीक्षण, प्रशिक्षणार्थियों से की विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में संचालित कौशल विकास गतिविधियों एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्रगति का अवलोकन करने हेतु कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने "नल-जल वितरण संचालक" एवं "प्लम्बर" कोर्स में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हितग्राहियों से विस्तारपूर्वक संवाद कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता, रोजगार की संभावनाओं तथा स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी ली।कलेक्टर ने प्रशिक्षणार्थियों से चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान समय में कौशल आधारित शिक्षा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम बनती जा रही है। शासन का उद्देश्य है कि प्रत्येक युवा को ऐसा प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए, जिससे वह न केवल रोजगार प्राप्त कर सके, बल्कि स्वयं का कार्य प्रारंभ कर आर्थिक रूप से सशक्त भी बन सके। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन, निर्माण कार्यों एवं शहरी-ग्रामीण विकास योजनाओं में प्रशिक्षित प्लम्बर एवं नल-जल वितरण संचालकों की मांग लगातार बढ़ रही है, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध हो रहे हैं।

- नल-जल वितरण संचालक एवं प्लम्बर कोर्स के हितग्राहियों को वितरित किए टूलकिट, लैब उन्नयन के दिए निर्देश



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर मैडम ने प्रशिक्षण कक्षों, प्रायोगिक लैब एवं उपलब्ध संसाधनों का अवलोकन किया तथा प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण को और अधिक व्यवहारिक, आधुनिक एवं उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप बनाया जाए, ताकि प्रशिक्षणार्थियों को वास्तविक कार्यक्षेत्र में बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें। उन्होंने आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण लैबों को अपग्रेड करने, नवीन उपकरण उपलब्ध कराने तथा तकनीकी संसाधनों को सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर मैडम ने कहा कि आधुनिक सुविधाओं एवं उन्नत प्रयोगशालाओं से युक्त प्रशिक्षण संस्थान युवाओं को उद्योगों की मांग के अनुरूप दक्ष बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने कहा कि जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज केवल प्रशिक्षण केंद्र नहीं, बल्कि युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। यदि युवाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं तकनीकी रूप से सक्षम प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए, तो वे भविष्य में आत्मनिर्भर बनकर जिले के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को प्रोत्साहित करने हेतु टूलकिट का वितरण भी किया गया।

## आयोजनों से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और तकनीकी कौशल का विकास होता

# आईटीआई बेरला में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर तकनीकी नवाचार और वैज्ञानिक उपलब्धियों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) बेरला में 'मेरा युवा भारत' एवं जिला युवा अधिकारी कार्यालय दुर्ग के तत्वावधान में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में वैज्ञानिक चेतना विकसित करना तथा भारत की तकनीकी उपलब्धियों और नवाचारों से उन्हें प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत के ऐतिहासिक पोखरण-II परमाणु परीक्षण (ऑपरेशन शक्ति) की उपलब्धि को स्मरण करते हुए की गई। वक्ताओं ने बताया कि 11 मई 1998 को हुए इस ऐतिहासिक परीक्षण ने भारत को वैश्विक स्तर पर तकनीकी और सामरिक शक्ति के रूप में नई पहचान दिलाई। साथ ही यह भी बताया गया कि आज भारत रक्षा, अंतरिक्ष विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस वर्ष की थीम "समावेशी विकास के लिए जिम्मेदार नवाचार" पर आधारित विभिन्न सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, अंतरिक्ष विज्ञान और डिजिटल तकनीकों के नैतिक उपयोग के माध्यम से ग्रामीण और शहरी विकास के बीच की दूरी कम करने पर विशेष चर्चा हुई। इस अवसर पर प्रशिक्षण अधीक्षक एस.के. साहू ने कहा कि तकनीकी शिक्षा के माध्यम से युवाओं को नवाचार और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करना समय की आवश्यकता है। प्रशिक्षण अधिकारी बी.पी. देवांगन ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और तकनीकी कौशल का विकास होता है। वहीं मनीष वर्मा ने छात्रों को पोखरण परीक्षणों से प्रेरणा लेते हुए आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने का संदेश दिया।



प्रेम सागर नायक ने स्वदेशी तकनीक और स्थानीय नवाचार को बढ़ावा देने पर जोर दिया, जबकि चंद्रभूषण यादव ने एआई और डिजिटल उपकरणों के जिम्मेदार उपयोग को भविष्य की प्रगति का आधार बताया। रेवेंद्र वर्मा और सौरभ अग्रवाल ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत नवाचारों की सराहना करते हुए उन्हें स्टार्ट-अप और तकनीकी उद्यमिता से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता प्रेम परितोष, नीलम कुमार वर्मा और थामेश देशमुख ने विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा तैयार मॉडलों की प्रशंसा करते हुए इसे तकनीकी प्रगति और समावेशी विकास का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। आयोजन में लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विज्ञान प्रदर्शनी, सेमीनार, भाषण प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रहे। प्रतिभागियों ने "आत्मनिर्भर भारत" और "आधुनिक नवाचार" जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

